आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 04.03.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के विकास में **एम.एस.एम.ई.** की भूमिका को परिवर्तनकारी बताया।
- केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा–भारत की **सर्कुलर इकोनॉमी** साल 2025 तक 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक होने की संभावना।
- प्रदेश में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत 26 जनवरी से अब तक करीब 9 लाख नए नाम जोड़े गए हैं।
- आईसीसी चैंपियंस पुरूष क्रिकेट ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 265 रनों का लक्ष्य दिया।

**000**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार एक आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है। सरकार सुधार की गति में तेजी लाई है। श्री मोदी एमएसएमई क्षेत्र पर पोस्ट बजट वेबिनार को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एमएसएमई देश के आर्थिक विकास में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

देश में कारोबार की सुगमता में सुविधा पहुंचाने के लिए किए गए विभिन्न उपायों को लेकर श्री मोदी ने कहा कि सरकार दूसरे जनविश्वास विधेयक पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट में मैन्युफैक्चरिंग और एक्सपोर्ट को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। निरंतरता और सुधारों के आश्वासन ने उद्योग में नए विश्वास को जगाया है। श्री मोदी ने कहा कि दुनियाभर के देश भारत के साथ अपनी मजबूत आर्थिक साझेदारी चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने उद्योगपतियों से दर्शक नहीं बनने बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अवसरों की तलाश करने का कहा। उन्होंने कहा कि मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के नवाचारी उत्पादों पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इन उत्पादों की विश्वभर में मांग है जिससे निर्यात को बढ़ाया जा सकता है। श्री मोदी ने कहा कि उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना ने 13 लाख करोड़ रूपए से अधिक उत्पादन के साथ एक लाख पचास हजार करोड़ रूपए से अधिक के निवेश को आकर्षित किया है।

000

केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि भारत की सर्कुलर इकोनॉमी साल 2050 तक 2 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की हो सकती है। इसके साथ ही करीब 10 मिलियन नौकरियां पैदा कर सकती है। श्री यादव जयपुर में आयोजित एशिया और प्रशांत क्षेत्र में 12वें क्षेत्रीय थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम के दूसरे दिन आज एक सत्र को संबोधित कर रहे थे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

आवास और शहरी विकास मंत्रालय के सचिव श्रीनिवास कटिकिथला ने प्रेस वार्ता में बताया कि शहरीकरण और विकास के साथ ही संसाधनों का दोहन बढ़ा है, ऐसे में ऊर्जा, पानी सहित अन्य संसाधनों को दोबारा उपयोग बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि फोरम के सहभागियों की सहमति से **जयपुर डिक्लेरेशन** की रूपरेखा तैयार की जा रही है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कल झुंझुनूं दौरे का कार्यक्रम है। उपराष्ट्रपति जिले के सांगासी स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय जाएंगे, जहां वे बच्चों के साथ बातचीत करेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का कल अपने संसदीय क्षेत्र कोटा–बूंदी पहुंचने का कार्यक्रम है। वे नागरिक सहकारी बैंक के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही अन्य स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे।

000

खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से सभी पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। श्री गोदारा ने आज विधानसभा में बताया कि योजना में अब तक 8 लाख 91 हजार 408 नए नाम जोड़े जा चुके हैं। 26 जनवरी को खाद्य सुरक्षा पोर्टल खुलने के बाद से नए नाम शामिल करने की प्रक्रिया जारी है। इसके अलावा ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ देने के लिए ईकेवाईसी करवाने की आखिरी तारीख भी बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।

उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि पर्यटकों को आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के लिए जल्द ही मोबाइल एप लॉंच किया जाएगा। उन्होंने आज विधानसभा में कहा कि इससे पर्यटकों को नजदीकी पुलिस स्टेशन, अस्पताल, पर्यटन स्थलों, यातायात साधनों और अन्य जरूरी जानकारी आसानी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि जयपुर में चौड़ा रास्ता में बनाए गए पर्यटक सुविधा केन्द्र को चालू करने का निर्णय भी जल्द लिया जाएगा।
मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज विधानसभा में भाजपा विधायक दल की बैठक ली। इस दौरान श्री शर्मा ने सभी विधायकों को सदन में पूरी तैयारी के साथ बोलने के निर्देश दिए। साथ ही बिना गतिरोध के समन्वय के साथ सदन चलाने का आह्वान किया।

000

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने बताया है कि देशभर में करीब दस लाख 40 हजार महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं से जुड़ी हैं। श्री सिंह आज नई दिल्ली में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लखपति दीदी और नमो ड्रोन दीदी योजनाओं समेत कई पहल की हैं।

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के नेतृत्वमें विकास, समाज में सकारात्मक बदलाव के साथ–साथ आर्थिक विकास भी लाता है। उन्होंने महिला प्रतिनिधियों से अच्छे काम के जरिए अपने गांवों के लिए प्रेरणा बनने का आग्रह किया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पंचायती राज मंत्रालय की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में बारह सौ से अधिक निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान 23 निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों को उनकी पंचायतों में किए गए असाधारण कार्यों के लिए पुरस्कार प्रदान किए गए।

000

8 मार्च को पूरी दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। ये दिन महिलाओं के अधिकारों, समानता और सशक्तिकरण पर जोर देता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में प्रदेश में भी विभिन्न कार्यक्रमों की श्रंखला आयोजित की जा ही है। इसी कड़ी में जयपुर में आज 'राजीविका रंगोत्सव' की शुरूआत हुई। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने सचिवालय में इसका शुभारंभ किया। इसके तहत स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

कोटपूतली बहरोड में चल रहे महिला दिवस सप्ताह के तहत आज बैंकिंग योजनाओं की जानकारी दी गई। पाली में कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं से जुडी विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में बताया गया।

000

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू हो रही हैं। दसवीं की परीक्षाएं 5 अप्रैल तक और बारहवीं की 9 अप्रैल तक चलेंगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं के लिए लगभग 20 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। इसके लिए बोर्ड ने 6 हजार 188 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं।

000

बाड़मेर ज़िले में आज एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। ज़िले के धनाऊ इलाक़े में ईटादा–अधरीम का तला रोड पर मोटरसाइकिल और अज्ञात वाहन की टक्कर से ये दुर्घटना हुई। मोटरसाइकिल सवारों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

000

आईसीसी चैंपियंस पुरूष क्रिकेट ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में आज ऑस्ट्रेलिया ने भारत को जीत के लिए 265 रनों का लक्ष्य दिया है। दुबई में खेले जा रहे इस मैच में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम 49 ओवर और 3 गेंदों पर 264 रन बना ऑलआउट हो गई। पारी का आगाज़ सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हैड और कूपर कोनोली ने किया। मोहम्मद शमी ने कोनोली को तीसरे ओवर में ही पेवेलियन भेज दिया। शमी ने तीन विकेट चटके। स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने सलामी बल्लेबाज हैड को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। टूर्नामेंट में भारत की टीम ने अभी तक कोई मैच नहीं हारा है। फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

000

प्रदेश के तापमान में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। सुबह और शाम के समय अभी भी हल्की सर्दी का अहसास हो रहा है। दिन के तापमान में हल्की बढोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार ज्यादातर स्थानों पर दिन का तापमान 30 से 33 डिग्री सेल्सियस के बीच मापा जा रहा है। वहीं रात का तापमान 11 से 18 डिग्री के बीच बना हुआ है। बीती रात हनुमान के संगरिया में सबसे कम 10 दशमलव 6 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटो के दौरान अधिकांश भागों में अपेक्षाकृत तेज उत्तरी हवाएं चलने तथा अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट होने की संभावना जताई है।

000